हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 19.7 डिग्री

12 किसी भी संस्थान का हृदय होते पुस्तकालय...



11 पर्ची खर्ची प्रथा को समाप्त कर दलालों को मनोहर...



## खबर संक्षेप

### फाइनेंसर हत्या दो को लिया पुलिस अभिरक्षा में

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने फाइनेंसर पर फायरिंग कर हत्या प्रयास मामले में दो अपचारी बालकों को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। बता दें कि फाइनेंस का काम करने वाले सिसाय बोलान निवासी जयदीप पर एक मई को दोपहर सैनीपुरा गांव के समीप दो बाइकों पर सवार 7-8 युवकों ने चलते बाइक से जयदीप पर उस वक्त गोलियां दाग दी थी जब वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक पर सवार होकर हांसी की ओर आ रहा था।

### लाखों की चोरी करने के मामले में चार गिरफ्तार

**नारनौंद।** नारनौंद पुलिस ने खाद-बीज की दुकान में से आठ लाख रुपये की चोरी मामलें में आरोपित लोहारी राघो निवासी उदयभान, रामभगत, संजय व रवि को गिरफ्तार किया है। ये चारों सगे भाई है। चारों को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस डिमांड पर लिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार इस संबंध में लोहारी राघो निवासी ध्यान सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह 13 अप्रैल की रात को करीब 9 बजे अपनी आढत, परचून व खाद-बीज की दुकान को बंद करके घर जाकर सो गया था।

### आदमपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**आदमपुर।** आगरा में 29 अप्रैल से एक मई तक चली तीसरी राष्ट्रीय सीनियर महिला-पुरुष, जूनियर व सब जूनियर बालक व बालिका लेक्रोश प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। लेक्रोश एसोसिएशन के जिला प्रधान शीलू नैन ने बताया कि तीसरी नेशनल लेक्रोश चैंपियनशिप में हरियाणा ने राजस्थान को हराकर गोल्ड मेडल जीता। हरियाणा टीम में शामिल आदमपुर के गगन सोनी ने जूनियर वर्ग का प्रतिनिधित्व किया।

### करियर मार्गदर्शन के लिए विशेष टीम गठित

**आदमपुर।** आदमपुर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) द्वारा संस्थान की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना है। संस्थान प्राचार्य रामस्वरूप ने बताया कि गठित विशेष टीम का उद्देश्य आदमपुर व अग्रोहा ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करना है।

### हांसी पुलिस द्वारा पकड़े गए मादक पदार्थों का

**हांसी।** हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कृष्ण कुमार राव ने मंडल के अन्तर्गत आने वाले पुलिस जिला हांसी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कब्जा में लिए गए मादक पदार्थों का कोर्ट परिसर में बने मालखाना में पहुंच फिजिकल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ सही पाए जाने पर मादक पदार्थों को वापिस मालखाना में रखवा दिया।

### नशीला पदार्थ पिलाकर बुजुर्ग महिला से लूट

**बरवाला।** नए बस अड्डे पर एक बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी सोने की बालियां और लॉकेट लूटने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर अज्ञात महिला और लड़की के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। गांव पाबड़ा निवासी बुजुर्ग महिला राजो ने बरवाला थाने को दी शिकायत में बताया कि वो दवाई लेने के लिए बरवाला आई थी। दवाई लेकर वो नये बस स्टेंड पर पहुंची और वहां एक रेहड़ी से केले खरीदकर कीकर के पेड़ के नीचे बैठ गई। वहां एक अज्ञात महिला (50 वर्ष) और एक 15 साल की लड़की उसके पास आई।

जलापूर्ति व्यवस्था के लिए किए गए प्रबंधों की डीसी ने की समीक्षा

# नागरिकों को पेयजल नहीं मिला तो संबंधित अधिकारी होगा जिम्मेदार

**पेयजल तंगी के बीच डीसी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा लोगों को हार हाल में मिले पानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** जलापूर्ति व्यवस्था के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा करते उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो: हरिभूमि*

उपायुक्त अनीश यादव ने चेताया है कि यदि नागरिकों को पानी की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है तो इसकी जिम्मेवारी संबंधित अधिकारियों की होगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा की स्थिति में तुरंत जिला प्रशासन को अवगत कराएं। पंजाब द्वारा हरियाणा का पानी रोके जाने के बाद उत्पन्न हुई स्थिति में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के प्रयास में लगे जिला प्रशासन की यह चेतावनी दर्शा रही है कि प्रशासन इस दिशा में गंभीर है और अधिकारियों को भी गंभीर होना पड़ेगा। उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को जलापूर्ति व्यवस्था के लिए किए गए अतिरिक्त प्रबंधों की समीक्षा के लिए बालसमंद ब्रांच का निरीक्षण किया। उन्होंने पंपसेट के माध्यम से जलघरों के टैंकों को क्षमता के अनुरूप जल्द से जल्द भरे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शहर के सभी क्षेत्रों, विशेष रूप से अंतिम छोर एवं निचले इलाकों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने नहरों से जलघरों तक पानी की लिफ्टिंग प्रक्रिया को तेजी से करने को कहा ताकि नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जलघरों में पानी की उपलब्धता की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए और जहां भी आपूर्ति बाधित हो रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

### तत्काल कदम उठाएं अधिकारी

उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, वहां तत्काल प्रभाव से सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। जल आपूर्ति को नियमित और निर्बाध बनाए रखने हेतु उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की ताकि नागरिकों को पेयजल से जुड़ी कोई भी असुविधा न झेलनी पड़े।

### किस जलघर में कितना पानी

जलघरों में वर्तमान पानी की उपलब्धता की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि कैमरी रोड स्थित जलघर में 15 दिन की आपूर्ति के लिए पानी मौजूद है और यह जलघर अपनी क्षमता का 90 प्रतिशत तक भरा हुआ है। सातरोड जलघर में 6 दिन की आपूर्ति का पानी उपलब्ध है, जो 45 प्रतिशत भरा हुआ है, वहीं महावीर कॉलोनी के जलघर में 10 दिन की आपूर्ति के लिए पानी है, जो अपनी क्षमता का लगभग 40 प्रतिशत भरा हुआ है। स्काड़ा जलघर 6 दिन की आपूर्ति के लिए 30 प्रतिशत भरा हुआ है, जबकि आजाद नगर जलघर में 8 दिन की जल आपूर्ति के लिए पानी उपलब्ध है और यह 50 प्रतिशत भरा हुआ है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जलघर की स्थिति की बात करें तो टैंक नंबर एक में 8 दिन एवं टैंक नंबर दो में 2 दिन की आपूर्ति हेतु पानी उपलब्ध है। सेक्टर 3 स्थित जलघर 60 प्रतिशत भरा हुआ है और इसमें 15 दिन की जल आपूर्ति हेतू पानी उपलब्ध है। फिलहाल नहरों में पानी की उपलब्धता बनी हुई है और अतिरिक्त संसाधनों की मदद से जलघरों को भरने का कार्य किया जा रहा है।



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो: हरिभूमि*

# नागरिकों की समस्याओं का जल्द समाधान करें अधिकारी

- समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समस्याओं की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उपायुक्त अनीश यादव सोमवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर जिले के विभिन्न गांवों व क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त अनीश यादव ने समाधान शिविर को नागरिकों से संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर रहा है।

### पादर्शिता जरूरी: डीसी

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों का आयोजन प्रत्येक सोमवार व वीरवार को किया जाएगा ताकि नागरिकों की समस्याओं को निपटाया जा सके। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, एसडीएम हिसार ज्योति मित्तल, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, डीएसपी संजीव कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव आदि रहे।

# वर्ल्ड अस्थमा डे पर किया जागरूक

- अस्थमा नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी : डॉ. कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



डॉ. कपिल कुमार श्वसन, छाती व क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ।

अस्थमा एक नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। सर्वेश हेल्थ सिटी के मशहूर पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. कपिल कुमार ने वर्ल्ड अस्थमा डे के उपलक्ष में यह जानकारी दी। डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि हर वर्ष मई के पहले मंगलवार को 'वर्ल्ड अस्थमा डे' मनाया जाता है और इस वर्ष यह दिन 6 मई को है। इस अवसर पर हम सभी को अस्थमा जैसी क्रॉनिक (दीर्घकालिक) बीमारी के बारे में जागरूक होने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की थीम (अस्थमा शिक्षा से सशक्तिकरण) है। उन्होंने बताया कि अस्थमा एक नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है लेकिन इसके लिए समय पर पहचान, सही इलाज और जीवनशैली में सावधानी की आवश्यकता होती है। यह बीमारी वायुमार्ग की सूजन के कारण होती है, जिससे रोगी को सांस लेने में तकलीफ होती है। घरघराहट, खांसी, सीने में जकड़न और सांस फूलना इसके प्रमुख लक्षण हैं। रोग के सामान्य कारणों का जिक्र करते हुए डॉ. कपिल ने बताया कि वंशानुगत प्रवृत्ति, धूल, धुआं, पराग, प्रदूषण, धूम्रपान, अत्यधिक व्यायाम या भावनात्मक तनाव इसके कारण हो सकते हैं। इसके लिए बचाव के लिए ट्रिगर फैक्टर (जैसे धूल, धुआं) से बचाव, नियमित रूप से इनहेलर का प्रयोग, डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवा का पालन, योग व प्राणायाम से लाभ व प्रदूषण और धूम्रपान से दूरी बनाए रखने की जरूरत है। डॉ. कपिल कुमार ने कहा कि हम सभी चिकित्सकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने रोगियों को सिर्फ दवा ही नहीं, बल्कि जानकारी और आत्मविश्वास भी दें ताकि वे इस रोग से घबराएं नहीं, बल्कि उसका प्रभावी ढंग से सामना करें।उन्होंने वर्ल्ड अस्थमा डे पर आमजन से अपील की कि किसी भी सांस की समस्या को नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें।

# महिलाओं ने एचएसवीपी कार्यालय पर मटके फोड़े

- भीम आर्मी के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने की जोरदार नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** एचएसवीपी कार्यालय के आगे धरने पर बैठी महिलाएं व भीम आर्मी नेता।

शहर में पेयजल किल्लत से परेशान सेक्टर 1-4 की महिलाओं ने एचएसवीपी कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी की। पानी के लिए महिलाओं ने मटका फोड़ प्रदर्शन भी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सेक्टर 1-4 में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की भारी किल्लत चल रही थी। इस किल्लत के खिलाफ भीम आर्मी के नेतृत्व में क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) के कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की और पानी जैसी बुनियादी सुविधा मुहैया कराने की मांग पर प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भीम आर्मी हिसार के नेताओं संतलाल अंबेडकर, अमित जाटव, प्रदीप यादव और जयवीर गोदारा ने किया। महिलाओं ने बताया कि कई दिनों से सेक्टर 1-4 में पीने के पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिसके चलते उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एचएसवीपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए सेक्टर में पानी भिजवाने के लिए तत्काल टीम भेजी। भीम आर्मी ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



**उकलाना।** श्रीमद् भागवत कथा शुरू होने से पहले कलश यात्रा में हिस्सा लेती महिलाएं।

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 19 मोटरसाइकिल बरामद

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरीशुदा 19 मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस उप अधीक्षक कमलजीत ने सोमवार सायं पत्रकार वार्ता में बताया कि स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में भिवानी जिले के खानक निवासी सोमबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी द्वारा अलग-अलग जगह से चुराई गई 19 मोटरसाइकिल बरामद की है। डीएसपी ने बताया कि स्पेशल स्टाफ इंचार्ज अपनी टीम के साथ तोशाम लाडवा रोड पर मौजूद थे कि उन्हें एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल आते दिखाई दी। उसे रोककर चालक से पूछताछ की तो सामने आया कि उसने ये मोटरसाइकिल सिटी थाना क्षेत्र से चोरी किया है। पुलिस द्वारा कन्फर्म किए जाने पर मोटरसाइकिल 23 अप्रैल को काठ मंडी से चोरीशुदा मिली।



## हरियाणा स्टेट कुश्ती स्पर्धा में मोनिका स्कूल के हार्दिक ने जीता कांस्य

**आदमपुर।** गांव जाखोद खेड़ा स्थित मोनिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र हार्दिक ने हरियाणा स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। विद्यालय निदेशक रत्नपाल सांवत व मोहित कालीरावणा ने बताया कि रोहतक में आयोजित हुई हरियाणा स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में छात्र हार्दिक ने अंडर-17 आयु वर्ग के 45 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया। छात्र ने कोच गुरदीप बैनीवाल के नेतृत्व में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। विजेता छात्र हार्दिक व कोच गुरदीप बैनीवाल का सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर स्कूल निदेशक रत्नपाल सांवत, मोहित कालीरावणा, समन्वयक दर्शना ने स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाग्य से मिलता है भागवत सुनने का अवसर : शास्त्री

- श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा
- श्रीमद् भागवत कथा सुनकर भाविभोर हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना मंडी

हरि बोल संगत के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी गीता भवन में श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। इससे पहले सुबह विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों महिलाएं शामिल हुई।

यह कलश यात्रा श्री सनातन धर्म मंदिर से शुरू हुई तथा नगर फेरी करती हुई कथा स्थल पर जाकर संपन्न हुई। कथा व्यास वृंदावन से पधारे परशुराम शास्त्री ने कहा कि जब मनुष्य के भाग्य उदय होते हैं तो श्रीमद् भागवत कथा सुनने को मिलती है। यह मनुष्य तन दुर्लभ है तथा 84 लाख योनियों के बाद मिलता है, इसलिए इसका हर क्षण भगवत सिमरन में बिताना चाहिए। उन्होंने कहा इसको सुनकर राजा परीक्षित ने मोक्ष पा लिया।

रामायण कथा जहां मनुष्य को जीना सिखाती है वहीं श्रीमद् भागवत कथा मानव को सिखाती है कि कैसे मौत के भय पर भी विजय पाई जा सकती है तथा मोक्ष का अधिकारी बन जा सकता है। इस मौके पर श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रधान कैलाश लोहिया, पुजारी ओमप्रकाश शास्त्री, सज्जन मित्तल, अमित लोहिया, हरि बोल संगत की प्रधान लक्ष्मी गोयल, मंजू जैन, शिखा, ममता, कृष्णा, अनीता, सुनीता, मीनाक्षी, रक्षा गोयल व कृष्ण शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

मकान निर्माण के लिए राशि या प्लॉट पोर्टल से जारी की जाएगी

# सीएम ने योजनाओं के लिए सहायता जारी की

- विभिन्न पेंशन योजना को परिवार पहचान पत्र से जोड़ने के बाद अब पात्र लोगों को राहत मिलने लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव एवं अन्य अधिकारी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को वित्तीय सहायता जारी की। इसमें दयालु योजना की सहायता राशि, आगजनी से प्रभावित किसानों का मुआवजा तथा नए पेंशन लाभार्थी की सम्मान भत्ता राशि शामिल है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि किसानों को फसल मुआवजा राशि राजस्व और कृषि विभाग द्वारा वितरित की गई। यह मुआवजा उन किसानों को दिया गया है जिनकी फसल हाल ही में आगजनी की घटनाओं में क्षतिग्रस्त हुई। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के अंतर्गत पात्र ग्रामीणों को मकान निर्माण के लिए राशि या प्लॉट पोर्टल के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्राप्त होगा। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणावासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का अब धरातल पर असर दिखने लगा है। उन्होंने बताया विभिन्न पेंशन योजना को परिवार पहचान पत्र से जोड़ने के बाद अब पात्र लोगों को राहत मिलने लगी है। प्रदेश में जब से सरकार की यह फ्लैगशिप योजना शुरू हुई है, तब से आयु व आय के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले पात्र लाभार्थियों की पेंशन ऑटो मोड में बनने लगी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी स्कीमों को पहचान पत्र से जोड़ने के बाद अब आमजन को राहत मिलने लगी है। वही अपात्र व्यक्तियों को भी सरल माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में सभी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, नगर निगम के एएमसी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

उपायुक्त अनीश यादव ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि हरियाणा सरकार अंत्योदय परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि दयालु योजना के तहत परिवार पहचान पत्र में सत्यापित डाटा के आधार पर उन पात्र परिवारों को सहायता दी जाती है जिनकी आय 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक है। दयालु योजना के अंतर्गत मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में तीन महीने के भीतर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना आवश्यक है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम है जिससे सहायता समय पर और सही पात्र व्यक्ति को मिल सके।



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

अलका सोनी

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पालन में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाकिफ कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

### परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव :** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं।

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

सरस्वती रमेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।

**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी।



अगर आपकी मम्मी अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

सरिता गुप्ता

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।

**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।



**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।



**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।

**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं।

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

सजेशन

मानसी

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रविंद्र गुप्ता

सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन

सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन



दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।

**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें।

प्रस्तुति: विनीता

## खबर संक्षेप



हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते नायब तहसीलदार दयाचंद। फोटो : हरिभूमि

### संयुक्त कार्यालय परिसर में समाधान शिविर आयोजित

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत नायब तहसीलदार दयाचंद ने आमजन की शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल पांच प्रमुख शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर नायब तहसीलदार ने तत्काल संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए। शिविर के दौरान नायब तहसीलदार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का विधिवत रिकॉर्ड तैयार कर मेंटेन किया जाए, जिससे भविष्य में भी उसकी प्रगति और समाधान की समीक्षा की जा सके। शिकायतों के प्रति प्रशासन की गंभीरता से यह समाधान शिविर जनसेवा के महत्वपूर्ण माध्यम बनते जा रहे हैं।

### ज्ञानपुरा में हवन यज्ञ करके निकाली कलश यात्रा

**बरवाला** क्षेत्र के गांव ज्ञानपुरा स्थित मेन चौपाल में हवन यज्ञ करवाया गया। यह हवन यज्ञ पुरोहित की देखरेख में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पूरे मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान सैंकड़ों महिलाओं द्वारा गांव में कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा दादा खेड़ा से आरम्भ होकर गांव की गलियों और मेन चौराहों से होती हुई वापिस अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। देर शाम को कीर्तन भी किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में 36 बिरादरी के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर आपसी भाइचारे और एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर सैंकड़ों की तादाद में 36 बिरादरी के लोग मौजूद रहे।

### संजीव शेखावत प्रधान व प्रवीन नारंग सचिव बने

**हिसार** विश्व भर में प्रख्यात व्यापारियों के संगठन बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) के हरियाणा में पांचवें और देश के 1359वें चैप्टर का हिसार में अर्बन हरियाणा-देव अग्रसेन हिसार के नाम से शुभारंभ किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अर्बन हरियाणा के कार्यकारी निदेशक गौरव गर्ग ने की। चैप्टर की पहली बैठक में लगभग 125 व्यापारियों ने भाग लिया। इनमें से 40 व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

### मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना बारे कैंप आज

**हिसार।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना गरीबों के आर्थिक स्तर सुधारने में मदद कर रही है। सरकार की इन योजनाओं का लाभ क्षेत्रवासियों के गरीब परिवारों तक पहुंचाने के लिए 6 मई को ऋषि में मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना बारे नगर निगम की ओर से कैंप का आयोजन सायं 3 बजे से 5 बजे तक किया जाएंगा। इ निगम का कहना है कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के तहत गरीबों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लंबी आयु की कामना की

# पर्ची-खर्ची प्रथा को समाप्त कर दलालों को मनोहर लाल ने लगाया था ठिकाने : श्रीनिवास गोयल

■ मनोहर लाल के मुख्यमंत्री रहते हुए गरीबों को उनके द्वारा बनाई गई नीति से रोजगार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लंबी आयु के लिए हवन किया गया। वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, जिला अध्यक्ष आशा खेदड, पूर्व मंत्री अनूप धानक, मंडल अध्यक्ष मनवीर सिंह व विनोद कुमार सहित कार्यकर्ताओं ने उनकी लंबी आयु के लिए हवन में आहुतियां डाली। भाजपा की जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने हवन यज्ञ उपरांत गायों को हरा चारा गुड तथा फल खिलाकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की लंबी आयु की कामना की। वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मनोहर लाल ने प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के रोजगार देने की प्रथा शुरू की और जो नौकरियों के नाम पर दलाली करते थे उनको ठिकाने लगाने का काम किया। बहादुर सिंह ने कहा कि गरीबों को उनके द्वारा बनाई गई नीति से रोजगार मिला। संत जय देवानंद गिरी ने कहा जिस प्रकार गंगा अपने उद्गम स्थान को नहीं भूलते वैसे ही भाजपा की संस्कृति सनातन से जुड़ी है और सनातन धर्म की प्रक्रिया के तहत ही हवन यज्ञ तथा गौ माता की सेवा हो रही है। इस मौके पर पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान गुलशन आहुजा, भाजपा नेता बहादुर सिंह नंगथला, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार, मनवीर सिंह, आनंद जैन,सतनारायण मित्तल, ओमप्रकाश दनोदा आदि रहे।



केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर हवन करते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

आयोजन बरवाला



बरवाला : रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस पर किया रक्तदान

बरवाला के नव ज्योति दुर्गा मंदिर में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना की। मंत्री गंगवा ने कहा कि मनोहर लाल का जीवन समर्पण, सेवा और ईमानदारी का प्रतीक है और उनके जन्मदिवस को सेवा कार्यों से मनाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके इस मानवता पूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे भी आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर जिला परिषद चैयरमैन सोनू सिहाग डाटा, पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, भाजपा नेता रणधीर सिंह धीरु सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं ने भाग लिया।

### पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर किया आयोजित

**हांसी** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजरंग आश्रम में हवन यज्ञ व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने मुख्य अतिथि रहे और हलके के सैंकड़ों लोगों के साथ हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने की।

इस अवसर पर विधायक भ्याना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश ने विकास के मामले में नए आयाम स्थापित किए। उनकी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने तथा अंतोदय की नीति की सराहना पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि बिना खर्ची-बिना खर्ची नौकरियां देने की नई रिवायत शुरू कर उन्होंने हरियाणा प्रदेश के युवाओं का न केवल दिल जीता बल्कि उनमें नए उत्साह का संचार करने का भी काम किया। शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बेहतरीन तोहफा दिया। विधायक विनोद भयाना ने रक्तदाताओं द्वारा समाज उत्थान में किए इस परोपकार के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से डॉ. रिचा के नेतृत्व में तथा मंगलम लैब से टीम रक्तदान शिविर पहुंची थी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, दिनेश भुटानी, राजेश ठकराल, तनुज खुराना, श्याम खाण्डा, प्रेम वर्मा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, जगदीश भाटिया सहित काफी संख्या पार्टी पदाधिकारी तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



शिविर में रक्तदाताओं की हौसलाफजाई करते विधायक विनोद भयाना, उनके साथ है भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी। फोटो : हरिभूमि

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन मनाया

■ शहर के विभिन्न पार्कों में लगाए अनेक फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिवस पौधारोपण कर मनाया। उन्होंने शहर के अनेक पार्कों में त्रिवेणी, बड़, पीपल, आम, जामुन आदि के अनेक फलदार व छायादार पौधे लगाए।

रामनिवास राड़ा ने महाराजा शुरसेन सैनी पार्क, श्री श्याम पार्क, मुल्तानी चौक पार्क, शांति नगर पार्क, चंदूलाल गार्डन पार्क, मधुबन पार्क, ऑटो मार्किट जिंदल पार्क, श्री शिवाजी पार्क व मिलगेट जिंदल पार्क में पौधारोपण किया। इस अवसर पर रामनिवास राड़ा ने मनोहर लाल खट्टर की दीर्घायु एवं उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि हरियाणा के विकास में मनोहर लाल खट्टर का विशेष योगदान है जिन्होंने 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' का नारा देकर बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को समान समझते हुए हरियाणा में समग्र विकास कार्य करवाए। प्रदेश में 'खर्ची-पर्ची' के सिस्टम को खत्म करके उन्होंने हरियाणा को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ शासन चलाया और प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। उनके प्रयासों से प्रदेश के लाखों युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियों मिलीं। उनका व्यक्तित्व प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। अब वे केंद्रीय मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा व परिश्रम से निभा रहे हैं। रामनिवास राड़ा ने कहा कि हम ईश्वर से उनके दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं।



हिसार। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्म दिवस पर पौधारोपण करते रामनिवास राड़ा। फोटो : हरिभूमि

## खो-खो प्रतिभागी खिलाड़ियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा सोमवार को स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य नितीश मिश्र, प्राथमिक प्रभारी प्रोमिला यादव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

स्कूल प्राचार्य नितीश मिश्र ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 30 अप्रैल से 5 मई तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम आईएनए में 68वीं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस की लडकियों की टीम ने सीबीएसई की ओर से सहभागिता की और कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि एसजीएफआई जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि भविष्य में उनके कॉलेज प्रवेश एवं नौकरी के अवसरों में भी सहायता करता है। इन प्रतियोगिताओं के प्रमाण-पत्र अत्यंत मूल्यवान होते हैं। उन्होंने बताया की स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमाण पत्र सरकारी एप डीजी लॉकर के माध्यम से भी प्राप्त किये जा सकते हैं।




एसजीएफआई द्वारा आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खो-खो टीम के साथ स्कूल प्राचार्य नीतीश कुमार मिश्र व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## कराटे प्रतियोगिता में 19 छात्रों ने जीते पदक



हांसी : कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते स्कूल प्रधानाचार्य अनिल कुमार व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने हिसार विजडम पब्लिक स्कूल में आयोजित 7वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्ग में 19 पदक जीतकर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया।स्कूल प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थी प्रत्युष, होमित ने स्वर्ण व पूर्व, नीरज, रमन, लक्षय व सनाया ने रजत तथा समर, यश, जयकांत, आहड़, मयंक, वंश, चिराग, सुशील, गौरव, साहिल, सुनील व त्रांश ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर कांस्य पदक हासिल किया विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने पदक विजेता सभी खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर बधाई देते हुए उनका भव्य स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है।

## क्रांतिकारी कदम साबित होगा एक राष्ट्र-एक चुनाव

■ आदमपुर में विकास कार्य प्रगति पर, भव्य बिश्नोई ने सुनी जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और कुशल बना सकता है। इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी और ज्यादा सुदृढ़ होगी। वे आज आदमपुर आवास पर एक देश-एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। जिला संयोजक कृष्ण खटाना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भव्य बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिससे हमारा देश वैश्विक मंचों पर और ज्यादा मजबूत हुआ है। वन नेशन-वन एलेक्शन भी बहुत ही भारत जैसे अनेकता में ऐकता के संदेश को दुनिया के सामने लाने का सुनहरा निर्णय साबित होगा। एक राष्ट्र-एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा ओर सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार चुनराव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी। बार-बार लगने वाली आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएं रूक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकारें अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। भव्य बिश्नोई ने आदमपुर दुकान नं. 107 पर हलकावासियों की समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके जन समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। भव्य ने कहा कि आदमपुर में विकास कार्य प्रगति पर हैं। डी-प्लान, नए खाल निर्माण, खेतों के रास्ते, गांवों की मुख्य चौपालों में निर्माण, बिजली से संबंधित कार्यों सहित अनेक कार्यों को भेजा गया है, जिनके लिए विकास राशि जल्द ही जारी होगी। उन्होंने कहा कि आदमपुर मंडी में पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यों के चलते जो सडक़ें क्षतिग्रस्त हुई थी, उनका बजट संबंधित विभागों में जमा करवा दिया गया है। जल्द ही इन पर कार्य शुरू हो जाएगा। हलके के ज्यादातर गांवों में नई सडक़ों का निर्माण हो चुका है। अग्रोहा से आदमपुर और आदमपुर से झांझल सडक़ का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।



आदमपुर : आदमपुर में संगोष्ठी को संबोधित करते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

**मिलेगा पानी** उकलाना मंडी में पानी ले जाने का कार्य प्रगति पर,गांव में पाइपलाइन पूर्ण रूप से पहुंच चुकी है

# राहत की सांस : थोड़ा पानी पहुंचा, थोड़े की और जरूरत

■ उकलाना जल घर का एक टैंक पूर्ण रूप से भर चुका है वहीं दो अन्य टैंको को भरने का प्रयास जारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग सात करोड़ की लागत से कुंदनपुरा से उकलाना गांव व उकलाना मंडी में पानी ले जाने का कार्य प्रगति पर है। इसमें उकलाना गांव में पाइपलाइन पूर्ण रूप से पहुंच चुकी और लगभग एक सप्ताह से पानी की सप्लाई पंप सेट द्वारा सुचारू की गई थी। इसमें उकलाना जल घर का एक टैंक पूर्ण रूप से भर चुका है वहीं दो अन्य टैंको को भरने का प्रयास जारी है।

पंचायत समिति सदस्य रजत वर्मा, काली, सरपंच प्रतिनिधि मंगल राम, पंच वीरभान व ईश्वर सिंह आदि अनेक ग्रामीण जल व्यवस्था को देखने के लिए पहुंचे और उन्होंने कुंदनपुरा में चल रहे पंप सेटों को देखकर जन स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा आने वाले समय में जो जल संकट होगा उससे बचने के लिए शंकरपुर, मुगलपुरा, फतेहचंद कॉलोनी तथा उकलाना ग्रामीण को इससे लाभ मिलेगा। सरपंच प्रतिनिधि, पंच तथा पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि पंप सेट के माध्यम से जिस प्रकार अब पूरी भाखड़ा आने के बाद पंपसेट लगाकर सप्लाई की जा रही है जबकि जन स्वास्थ्य विभाग ने पूर्ण भाखड़ा आने पर अपने आप चलने का आश्वासन दिया था, इस पर चिंता भी जाहिर की और कहा कि कहीं ना कहीं विभाग की खामी आने वाले समय में परेशानी का कारण न बन जाए। ग्रामीणों ने टैंक में पानी पहुंचाने के लिए भी जन स्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता आशीष गर्ग अधिकारियों तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी मेहनत से अब पानी पहुंच पाएगा। उपमंडल अभियंता आशीष गर्ग के कहा कि जो टैंक बारे शिकायत आई थी उसके लिए जांच कमेटी गठित कर दी गई है। मौजूदा समय में किसी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए तीनों टैंक पंप के माध्यम से लबालब करवा दिए गए हैं और भविष्य में अगर सुधार की जरूरत पड़ी थी उसको सुधार करवाया जाएगा।



उकलाना मंडी। उकलाना : पंपसेट के माध्यम से आ रहे पानी को देखते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

## लाडवा की पूजा ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ पूजा की कामयाबी से परिवार में जश्न का माहौल

नरवाना के नवदीप स्टेडियम में हाल ही में आयोजित हुई 14वीं हरियाणा स्टेट जूनियर अंडर 20 एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में लाडवा निवासी पूजा पूनिया 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। पूजा ने सफलता का श्रेय कोच सुरेंद्र जलंधरा को दिया है। पूजा पूनिया के दादा मा. सतबीर ने बताया कि पूजा हर रोज सुबह शाम एचएयू हिसार में अभ्यास करती हैं। पूजा के पिता कुलदीप पूनिया पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी रहे हैं व भाई समीर भी क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुका हैं।



कांस्य पदक जीतने वाली पूजा।

**सूचना**

मैं, श्रीनिवास पुत्र श्री महासिंह निवासी गांव पेटवाड़ तहसील नारनौल, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित दुहन व मेरी पुत्रवधु पिंकी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### आदमपुर रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण शुरू

**आदमपुर।** आदमपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे विभाग द्वारा नवीनीकरण को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अधीन पुराने निर्माण कार्यों को तोड़ा जा रहा है। इसी के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन पर एक साल पहले बने शौचालय को तोड़ दिया गया है तथा फुटपाथों नए भवनो पर भी निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त मैदान को भी साफ किया जा रहा है ताकि अच्छी पार्किंग बनाई जा सके। विभाग द्वारा लगभग 10 करोड रुपए नवीनीकरण के लिए मंजूर किए गए थे। इसके तहत रेलवे लाइनों से गुजरने के लिए पैदलगामी पुल दूसरी तरफ प्लेटफार्म तथा रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार सब्जी मंडी की तरफ बनाया जाएगा।

### 16 हजार 831 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया की रोकथाम के लिए गत माह जिलेभर में एक खास अभियान चलाकर सैंपलिंग की गई। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि अप्रैल माह के दौरान जिले में 16 हजार 831 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का एक केस सामने आया हैं। संबंधित क्षेत्र में एहतियात के तौर पर सभी जरूरी कदम उठाए गए है।

## 'लाइब्रेरी ऑटोमेशन एंड डिजिटलाइजेशन' विषय पर रिफ्रेशर कोर्स शुरू, वीसी बोले

# आज के डिजिटल युग में पुस्तकालय को समय के अनुसार अपडेट करना जरूरी

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा शिक्षण संस्थान के लिए केवल प्रयोगशालाएं ही नहीं, बल्कि एक पुस्तकालय भी जरूरी है



**हिसार।** रिफ्रेशर कोर्स का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।



**हिसार।** रिफ्रेशर कोर्स के प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों से भरा कमरा नहीं, बल्कि यह किसी भी शिक्षण संस्थान का हृदय होता है। पुस्तकालय एक ऐसा स्थान है, जहां जिज्ञासा अपने उत्तर पाती है और शोध अपना पहला कदम रखता है। पुस्तकालय में विद्यार्थी विचारक और समस्या-समाधानकर्ता बनते हैं। किसी भी अच्छे शिक्षण संस्थान के लिए केवल कक्षाएं और प्रयोगशालाएं ही नहीं, बल्कि एक अच्छा पुस्तकालय भी जरूरी है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) के सौजन्य से 'लाइब्रेरी ऑटोमेशन एंड डिजिटलाइजेशन' विषय पर शुरु हुए दो साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थी एक क्लिक से जर्नल और शोध पत्र एक्सेस करना चाहते हैं। इसलिए पुस्तकालय को समय के साथ बदलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन नामक एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इससे कोई भी विद्यार्थी चाहे व किसी बड़ेविश्वविद्यालय में या ग्रामीण क्षेत्र के छोटे महाविद्यालय में पढ़ रहा हो, वह उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल संसाधनों तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि डा. एसआर रंगनाथन को भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने आधुनिक पुस्तकालयों के बारे में हमारी सोच को आकार दिया। उन्होंने पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियम बनाए। ये नियम आज भी मार्गदर्शन करते हैं कि पुस्तकालयों को अपने उपयोगकर्ताओं की सेवा कैसे करनी चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि इस कार्यक्रम से न केवल उनके कौशल में वृद्धि होगी, बल्कि नए विचार और उद्देश्य की भावना भी जागृत होगी।

एमएमटीटीसी के सेमिनार हॉल में हुए उद्घाटन समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के डा. राजेश सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने की।

डा. राजेश सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि शोध व शिक्षण में पुस्तकालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वर्तमान समय में पुस्तकालय पेशेवरों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बताया कि पुस्तकालय पेशेवर किस प्रकार शोध व शैक्षणिक गतिविधियों में अपना योगदान देकर विशेषकर शोध को बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों में तकनीक तेजी से बदल रही हैं। इन तकनीकों को सीखने के लिए पुस्तकालय पेशेवरों को देश-विदेश के अन्य पुस्तकालयों की भी यात्रा करनी चाहिए।

प्रो. सुनीता रानी ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में पुस्तकालय पेशेवरों की भूमिका और अधिक चुनौतीपूर्ण व महत्वपूर्ण हो गई है। पुस्तकालय राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं। पुस्तकालय ही विद्यार्थियों के कौशल को निखारकर उनको एक महान व उपयोगी नागरिक बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना और बाद में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की सेवा के दौरान उन्होंने पाया कि पुस्तकालय किसी भी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को पुस्तकालय से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी देगा, जिससे प्रतिभागियों के कौशल में वृद्धि होगी। कार्यक्रम समन्वयक डा. नरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि इस कोर्स में 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम समन्वयक सोमदत्त ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर उपनिदेशक डा. हरदेव सिंह व डा. अनुराग सांगवान उपस्थित रहे।

## झलकारी बाई के बलिदान पर नाटिका प्रस्तुत की



**हिसार।** झलकारी बाई के बलिदान पर एक नृत्य नाटिका का एक दृश्य।

- कलंधिका नृत्य नाट्य संस्था समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कलंधिका नृत्य नाट्य संस्था समिति की ओर से रियाज़ स्टूडियो में वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान पर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इसका निर्देशन डॉ. राखी जोशी और राम नारायण ने किया।

नाटिका में दिखाया गया कि झलकारीबाई का जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी के पास भोजला गांव में किसान सदोवा सिंह और जमुनादेवी के घर हुआ था। युवावस्था में, जब एक बाघ ने उन पर हमला किया तो उन्होंने डटकर उसका सामना किया और कुल्हाड़ी से उसे मार डाला। एक बार उन्होंने जंगल में एक तेंदुए को उस छड़ी से मार डाला था जिसका इस्तेमाल वे मवेशियों को चराने के लिए करती थीं। झलकारी बाई की शक्ल लक्ष्मीबाई से बहुत मिलती जुलती थी और इस वजह से उन्हें सेना की महिला शाखा में शामिल किया गया।

रानी की सेना में वह जल्दी से रैंक में बढ़ी और अपनी सेना की कमान संभाली। 1857 के विद्रोह के दौरान जनरल ह्यूग रोज़ ने एक बड़ी सेना के साथ झांसी पर हमला किया। रानी ने अपने 14 हजार सैनिकों के साथ सेना का सामना किया। वह कालपी में डेरा डाले हुए पेशवा नाना साहिब की सेना से राहत की प्रतीक्षा कर रही थी जो नहीं आई क्योंकि तांत्या टोपे पहले ही जनरल रोज़ से हार चुके थे। इस बीच, किले के एक द्वार के प्रभारी, ठाकुर समुदाय के दूल्हाजी ने हमलावरों के साथ एक समझौता किया और झांसी के दरवाजे ब्रिटिश सेना के लिए खोल दिए। झांसी की रानी को वहां से किस तरह निकाला गया और इसके बाद झलकारी बाई ने भी अंग्रेज़ों को लोहे के चने चबा दिए। जब रोज़ को पता लगा की ये झांसी की रानी नहीं है बल्कि झलकारी है तो रोज़ ने उन्हें सेना सहित सैलूट किया। नाटिका का संगीत सुशांत ज़ेहन और हीना ज़ोहरा ने किया। नाटिका में रानी-ख़ुशी दहिया छोटी और बड़ी झलकारी बाई-नंदिता/माही/युक्ति, नट एवं नटी-कविका एवं साहिबा, पूरण-विश्वराज जोशी, अंग्रेज-वाणी अरोड़ा, ओजस्वी स्वामी, पीरअली-वाणी अरोड़ा, जूही-माही, नृतक के रूप में मन्नत, गरिमा, श्रेय, देविशा, हर्निश, हरजोत, बानी व लक्षिता ने भाग लिया।

## कराटे चैंपियनशिप में एसडी मार्डन पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम



**हांसी।** विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल प्राचार्या ऋतू सिंह व अन्य।

**हांसी।** हिसार के विजडन पब्लिक स्कूल में सातवीं इंटर स्कूल करांटे चैंपियनशिप' 2025- 26 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी दिसु, वैदिक व अक्षत ने स्वर्ण पदक, समक्ष, हर्षिता, प्रतिभा, लावण्या, रिया, आहान, सात्विक व अरमान ने रजत पदक तथा सीरत, राधिका, मानवी, माधवी, देविशी, युग व वृषभ ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया। प्राचार्या ऋतु सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया व बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के अंदर खेल भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय पीटीआई पूनम व कराटे कोच आंचल को जाता है । प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व रजत अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों की भूरि भूरि प्रशंसा की व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैडमिंटन टूर्नामेंट, दिखाई प्रतिभा

- 3 से 12 कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** होली चाइल्ड स्कूल में अंतर विद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेते विद्यार्थी।

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय अंतर विद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा शिक्षा के साथ-साथ खेल भी व्यक्तित्व विकास का अहम हिस्सा हैं। खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ एक उज्ज्वल भविष्य के द्वार भी खोल सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पानू दलाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में खेलों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है और इसी कारण विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में कक्षा तीन से पांचवी तक छात्र वर्ग में चौथी कक्षा के युवराज ने प्रथम, तीसरी के जयंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## शिविर में 744 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- सेवक सभा अस्पताल संस्थापक डॉ. रामप्रकाश बंसल की याद में निशुल्क मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

सेवक सभा चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल में अस्पताल के संस्थापक डॉ. रामप्रकाश बंसल की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि स्वरूप सोमवार को निशुल्क मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 744 से अधिक मरीजों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर प्रवीण पोपली एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक, हिसार विभाग पवन जिंदल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की। इस अवसर पर ट्रस्ट से सचिव धर्मेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर जैन, नवीन अग्रवाल , अरविंद बंसल, मुकेश बंसल,एवं डॉ. रामप्रकाश बंसल के अनुज महेंद्र बंसल, आरएसएस से राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र लाहौरिया, निवर्तमान प्रधान रामलीला कमेटी कटला व अस्पताल के सभी चिकित्सक व स्टॉफ ने संस्थापक स्व. डॉ. रामप्रकाश बंसल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा स्व. डॉ. रामप्रकाश बंसल का जीवन राष्ट्र सेवा में सदैव समर्पित रहा। अस्पताल के सचिव धर्मेंद्र गोयल ने बताया कि वर्ष 1957 में अपने समय के विख्यात चिकित्सक डा. रामप्रकाश बंसल ने मनोहर लाल गर्ग को साथ लेकर सेवक सभा अस्पताल की शुरुआत जनसाधरण को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक डिस्पेंसरी के रूप में की।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में डिजिटल डिटॉक्स पखवाड़े का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** 'डिजिटल डिटॉक्स पखवाड़ा' में शामिल डीपीएस स्कूल के विद्यार्थी।

शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में छात्रों के समग्र विकास और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए 'डिजिटल डिटॉक्स पखवाड़ा' का आयोजन आरंभ किया गया। इस पंद्रह दिवसीय अभियान का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल उपकरणों की लत से बचाव, संतुलनपूर्ण उपयोग और वास्तविक जीवन से जुड़ाव की ओर प्रेरित करना है। पखवाड़े का आरंभ 'डिजिटल डिटॉक्स जागरूकता रैली' से किया गया। इसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान छात्रों ने आकर्षक पोस्टर, प्रेरणादायक नारों और लघु नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को संदेश दिया कि तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू सुधाकर ने इस अवसर पर कहा कि यह पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक अभियान है–अपने अंदर झांकने, आत्मानुशासन विकसित करने और परिवार व प्रकृति के साथ जुड़ने का। आज जहां सोशल मीडिया हमारे जीवन का बड़ा हिस्सा बन चुके हैं। बच्चों को यह सिखाएं कि तकनीक पर निर्भरता के बिना भी जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है।



**हांसी।** कैंटीन का उद्घाटन करते चिनाई मिस्त्री राजेश कुमार तथा श्रमिक राजकुमार। *फोटो :हरिभूमि*

### हांसी में मजदूरों को 10 रुपये में भोजन उपलब्ध करवाने वाली दूसरी अटल कैंटीन शुरू

**हांसी।** श्रम विभाग की ओर से किसानों, श्रमिकों और आम आदमी के लिए हांसी में सैनीपुरा रोड पर दूसरी रियायती भोजन कैंटीन शुरू की गई है। यह कैंटीन ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित की जाएगी जिसमें श्रमिक और आम आदमी केवल 10 रुपये में खाना खा सकते हैं, जिसमें रोटी, चावल, दाल और एक मौसमी सब्जी प्रदान की जाएगी। इस कैंटीन का उद्घाटन चिनाई मिस्त्री राजेश और मजदूर राजकुमार ने रिबन काटकर किया। यह कैंटीन न केवल श्रमिकों को स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद भोजन उपलब्ध कराने के लिए है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और रोजगार उपलब्ध करवाने में भी मदद करता है। वहां मौजूद श्रमिकों ने सीएम नायब सैनी और श्रम मंत्री श्री अनिल विज के श्रमिकों के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की और उनका आभार जताया। इस अवसर बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

## बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन का आयोजन भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- गूंजे श्याम बाबा के जयकारे संकीर्तन में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में आयोजित संकीर्तन में उपस्थित श्रद्धालुगण।

महाभारतकाल की स्मृतियों को जीवंत करने वाले प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर अलौकिक स्वरूप दिया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी और कष्टों के निवारण की कामना की। इस दौरान हिसार के विभिन्न गायकों ने भजन गाकर श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने अपने मधुर कंठ से ना जाने इस दर से मुरादें कितनी पाई लोगों ने, भर गई हैं सब झोली जितनी फैलाई लोगों ने भजन गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन सुनकर भक्तगण अपने इष्ट की आराधना करते हुए झूमने लगे और पूरा धाम श्याम बाबा की जय के जयकारों से गूंज उठा। पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि लोगों की श्याम बाबा व बीड़ बबरान धाम के प्रति विशेष आस्था है। इसलिए यहां आयोजित होने वाले संकीर्तन व अन्य आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उमड़ते हैं। उन्होंने बताया कि संकीर्तन में पधारने वाले भक्तों ने बाबा के भव्य दरबार में दर्शन किए।



**हिसार।** बीड़ में बैठक करते गणमान्य व्यक्ति। *फोटो :हरिभूमि*

### बीड़ में सामाजिक नया संगठन बनाया

**हिसार।** निकटवर्ती गांव बीड़ में सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। बैठक में एक संगठन का निर्माण किया गया जिसका नाम डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर सभा बीड़ हिसार के नाम से रखा गया। इसमें सर्वसमति से पदाधिकारी चुने गए जिसके तहत नरसिंह को प्रधान, आत्मा सिंह को उप प्रधान, नरेन्द्र लांग्यान को सचिव, अमरदास सामरिया को उप सचिव, भरत सिंह को कोषाध्यक्ष, जगदीश नंबरदार को मुख्य सलाहकार व संदीप चीमा को मीडिया प्रभारी चुना गया। इसके अलावा नरेश कुमार, हंसराज, पूर्णसिंह, अमर सिंह बेरवाल व धर्मपाल चिनिया को सदस्य चुना गया।

## प्रशासन की निष्पक्ष कार्यवाही पर बुद्धिजीवियों व समाजसेवियों ने की सराहना

# हिसार में अतिक्रमण हटाने की मुहिम को मिला जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से दिल्ली रोड, पुराने भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा चिन्हित पार्किंग स्थलों से रेहड़ियों और फर्श पर बनी दुकानों को हटाने की मुहिम को समाज के प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस मुहिम का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि शहरवासियों के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। डीएन कॉलेज के प्रो. हरीश जुनेजा ने प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि खाली कराई गई जगहों पर दुकानदारों द्वारा डमी सामान रखकर पुनः कब्जा न किया जाए।

### सभी ने अभियान की प्रशंसा की

हिसार के कई प्रबुद्ध नागरिकों व संगठनों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की है। प्रो. पीपी तनेजा, बलदेव ग्रोवर, मदन महता, अशोक नागपाल, भगवान दास कथूरिया, अमर महता, एचआर नारंग, महेश नारंग, अशोक ग्रोवर, केके कटारिया, कृष्ण कपिला गौशाला व नंदी गौशाला ढंडूर के सदस्य प्रधान भीम असीजा, सुनील कटारिया, डॉ. महिपाल मुंजाल, नंदी गौशाला प्रधान सौरव मुंजाल, मनोज बजाज, लक्की ने अभियान को समर्थन दिया।

### हठ नहीं, सहयोग से चल रही है मुहिम

समाजसेवी व ऑटो मार्किट धर्मशाला के प्रधान बलदेव ग्रोवर व प्रो. पीपी तनेजा ने कहा कि नगर निगम प्रशासन और मेयर की यह मुहिम जनता पर जबरन नहीं थोपी जा रही, बल्कि प्रशासन हाथ जोडक़र शहरवासियों से सहयोग की अपील कर रहा है। यह संदेश साफ है कि यह पहल गरीब-अमीर में भेद किए बिना, जनहित में की जा रही है।

### परिणाम होंगे सकारात्मक

हालांकि अतिक्रमण हटाने की इस प्रक्रिया में आम जनता को थोड़ी असुविधा हो सकती है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम सुखद और लाभकारी होंगे। न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि यातायात की समस्या से राहत मिलेगी और सडक़ दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### हिसार बदलाव की राह पर

शहर के नागरिकों ने प्रशासन की इस सकारात्मक सोच और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि नगर निगम और मेयर के नेतृत्व में हिसार विकास की नई मिसाल कायम कर रहा है। इसके अलावा शहर की अनेक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं व वेलफेयर एसोसिएशन ने भी इस मुहिम में निगम मेयर व प्रशासन के इस कदम की सराहना की हैं, जिनमें सेक्टर 14 वेलफेयर से प्रधान अजय जिंदल, मदन बंसल, डाक्टर पीएस यादव, आशीष महता, पारुल आहुजा, धर्मेन्द्र मलिक, अमर सिंह यादव, फ्रेंड्स क्लब सेक्टर 14, श्रीगणेश प्रभात मंडल के प्रभारी चन्द्र सिंह एसडीओ, प्रधान गोकल चंद नारंग, सरपस्त शिव कुमार गोयल, अरुट महासभा प्रधान मेहर चंद मनचंदा, देसराज मनचंदा ने सहयोग देने की बात कही।

### नगर निगम प्रशासन के कार्यों की सराहना

महाराजा अरूट सभा की बैठक में नगर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान की प्रशंसा की गई। बैठक में कहा गया कि मॉडल टाऊन में हाई स्कूल के पास लगे अतिक्रमण को हटाने के बाद वहां जो सफाई देखी गई, वह सराहनीय थी। अरूट सभा निगम को इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार कहती रही। अरूट सभा के प्रधान एमसी मनचंदा, उपप्रधान भजन अरोड़ा, सचिव गगन ओबेरॉय, व जितेन्द्र भारती आदि बैठक में उपस्थित रहे।